उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023

दिनांक 23,24,25 व 30,31 अगस्त, 2024 को आयोजित लिखित परीक्षा के प्रश्नों तथा उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में ऑनलाइन आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की सूचना का प्रकाशन ।

संख्या–पीआरपीबी–एक–1(150) / 2023 दिनांक–सितम्बर 10 ,2024

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की दिनांक 23, 24, 25 अगस्त तथा 30, 31 अगस्त, 2024 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के सभी 10 पालियों के प्रश्न पत्रों तथा उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर निम्नानुसार प्रदर्शित की जायेगीः–

क्र0 सं0	परीक्षा तिथि	पाली	आपत्ति प्रस्तुत करने की प्रारम्भिक तिथि	आपत्ति दाखिल करने की अंतिम तिथि
1	23.8.2024	प्रथम एवं द्वितीय पाली	11.09.2024	15.09.2024 रात्रि 12:00 बजे तक
2	24.8.2024	प्रथम एवं द्वितीय पाली	12.09.2024	16.09.2024 रात्रि 12:00 बजे तक
3	25.8.2024	प्रथम एवं द्वितीय पाली	13.09.2024	17.09.2024 रात्रि 12:00 बजे तक
4	30.8.2024	प्रथम एवं द्वितीय पाली	14.09.2024	18.09.2024 रात्रि 12:00 बजे तक
5	31.8.2024	प्रथम एवं द्वितीय पाली	15.09.2024	19.09.2024 रात्रि 12:00 बजे तक

2– अभ्यर्थियों को किसी प्रश्न या किसी प्रश्न के उत्तर विकल्प या उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में कोई विसंगति ज्ञात होती है तो वे अपनी आपत्ति सुसंगत अभिलेख / सूचना के साथ ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थियों को आपत्ति दर्ज कराने हेतु बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर, जन्म तिथि व प्रश्न पुस्तिका क्रमांक की सहायता से लॉगिन करना होगा, जिसमें प्रत्येक अभ्यर्थी केवल अपने प्रश्न पत्र / उत्तर कुंजी देख सकेगें।

3– **अभ्यर्थीगण उपरोक्त अंकित सारणी में अपनी परीक्षा तिथि के सम्मुख अंकित निर्धारित तिथियों को ही अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।** जिस प्रश्न के सम्बन्ध में एक बार आपत्ति दर्ज की चुकी है, उस पर पुनः आपत्ति नहीं की जा सकेगी। अतः अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि आपत्ति दर्ज कराने से पूर्व उसका भली–भांति परीक्षण करने के उपरान्त ही आपत्ति दर्ज करें।

4– अभ्यर्थी अपनी आपत्ति केवल बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन ही दर्ज करा सकते हैं। इससे भिन्न किसी अन्य माध्यम से प्रेषित आपत्तियों यथा–रजिस्ट्री, डाक,ई–मेल आदि पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

5– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।